# अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर(छत्तीसगढ़)

**ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)**

**(Established by Chhattisgarh Legislative Assembly Act No. 07 of 2012)**

कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर–रतनपुर मार्ग, कोनी, बिलासपुर (छ.ग.) 495009

वेबसाईट : www.bilaspuruniversity.ac.in ई–मेल : : registrar@bilaspuruniversity.ac.in


क्र.1560/ परीक्षा / 2024 बिलासपुर, दिनांक 31/07/2024

## –:: दीक्षांत समारोह–2024 हेतु आवश्यक सूचना ::–
## (पीएच.डी. धारकों के लिए)

अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर का पंचम दीक्षांत समारोह **दिनांक 10.08.2024 पूर्वान्ह 11:30 बजे प्रशासनिक सह अकादमिक भवन, कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर–रतनपुर मार्ग, कोनी, बिलासपुर में आयोजित है।** पंचम दीक्षांत समारोह में ऐसे छात्र–छात्राएं जिन्हे विश्वविद्यालय द्वारा **पीएच.डी. उपाधि के लिए योग्य घोषित किया गया है, को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि से सम्मानित किया जायेगा।** उक्त बाबत् विश्वविद्यालय के वेबसाईट (**https://www.bilaspuruniversity.ac.in**) में अपलोड अनुज्ञा–पत्र एवं उपाधि आवेदन पत्र डाऊनलोड पश्चात् भरकर परीक्षा विभाग में पीएच.डी. नोटिफिकेशन की सत्यापित प्रति एवं दो नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो के साथ दिनांक **08.08.2024 (गुरूवार)** तक अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के परीक्षा विभाग में **(गांधी चौक पुराना हाईकोर्ट बिल्डिंग बिलासपुर)** उपस्थित होकर सहायक कुलसचिव (परीक्षा) से सत्यापित उपरान्त जमा करना अनिवार्य होगा।

दीक्षांत समारोह में पीएच.डी. धारकों को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित निम्नांकित परिधान धारण करना होगाः–

01. महिला – कोसे रंग की प्लेन साड़ी (स्वंय के द्वारा व्यवस्था करना होगा)।
02. पुरूष – सफेद रंग का प्लेन कुर्ता, प्रायजामा (स्वंय के द्वारा व्यवस्था करना होगा)।
03. पी.एचडी. उपाधि धारकों को दुपट्टा (स्टॉल) एवं पगड़ी (साफा, गुलाबी रंग की) विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की जायेगी।
04. महिलाओं के लिए पगड़ी (साफा) एच्छिक (Optional) है।

दीक्षांत समारोह में पीएच.डी. धारक केवल अपने माता या पिता (कोई–एक) अथवा विवाहित होने पर पति/पत्नी को ही अपने साथ ला सकते हैं। कृपया बच्चों को साथ में न लावें। विश्वविद्यालय द्वारा पंचम दीक्षांत समारोह संबंधी समस्त जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट (**https://www.bilaspuruniversity.ac.in**) का अवलोकन निरंतर करते रहे।

- दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास कार्यक्रम **दिनांक 09.08.2024 को दोपहर 12.00 बजे प्रशासनिक सह अकादमिक भवन, कोनी पुलिस थाना के सामने, बिलासपुर–रतनपुर मार्ग, कोनी, बिलासपुर** में आयोजित है।
- दीक्षांत समारोह कार्यक्रम हेतु दिनांक **09.08.2024** को रिहर्सल (पूर्वाभ्यास) के समय ही परिचय पत्र एवं अभिभावक हेतु आमंत्रण पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।
- दीक्षांत रिहर्सल (पूर्वाभ्यास) स्थल पर निर्धारित काऊंटर में दुपट्टा (स्टॉल) एवं पगड़ी (साफा, गुलाबी रंग की) हेतु अमानत राशि 1000/– (एक हजार रूपये मात्र) जमा करना अनिवार्य होगा।
- दिनांक **09.08.2024** को प्रातः **08.00** बजे कार्यक्रम स्थल पर दुपट्टा (स्टॉल) एवं पगड़ी (साफा, गुलाबी रंग की) प्रदाय किया जायेगा, ताकि परिधान धारण कर दिनांक **10.08.2024** को समारोह में सम्मिलित हो सके।
- दीक्षांत समारोह समाप्ति पश्चात् निर्धारित काऊंटर पर अमानत राशि की पावती के साथ दुपट्टा (स्टॉल) एवं पगड़ी (साफा, गुलाबी रंग की) वापस करने पर **200/–** (अक्षरी दो सौ रूपये) कटौती कर शेष राशि वापस की जावेगी। परिधान वापस न करने की स्थिति में अमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।

**टीपः–01.**दिनांक **09.08.2024** को रिहर्सल (पूर्वाभ्यास) के दौरान जो पीएच.डी. धारक उपस्थित होंगे केवल वहीं दिनांक **10.08.2024** को दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने की पात्रता रखेंगे।

**02.**दीक्षांत समारोह जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र– रामेश्वर राठौर, सहायक कुलसचिव, (परीक्षा) **9826756324** संगीता दुबे–**7999115455** कन्हैया रोहिदास–**9630392860**

परीक्षा नियंत्रक

क्र 1561 / परीक्षा / 2024 बिलासपुर, दिनांक 31/07/2024

प्रतिलिपि :–

01. कुलपति जी के निज सहायक को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. कुलसचिव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
03. वित्ताधिकारी, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
04. उप कुलसचिव, (अकादमी) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. सहायक कुलसचिव (गोपनीय / उपाधि प्रकोष्ठ) अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ।
06. संपादक / संवाददाता, दैनिक............................समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
07. विश्वविद्यालय सूचना पटल / वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

**सहायक कुलसचिव (परीक्षा)**